**प्रेस नोट पुलिस मुठभेड़ थाना दक्षिण दिनाँक 08-08-2026 जनपद फिरोजाबाद।**

# श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा महोदय व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा महोदय के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा ₹25,000/- के इनामिया अभियुक्त रामजीत को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **अभियुक्त रामजीत की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे द्वारा घोषित किया गया था 25,000/- रुपये का इनाम...........**
- **अभियुक्त के कब्जे से लूटी गयी 01 जोडी पाजेब, 01 अवैध तमंचा, 01 जिंदा एवं 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद।**
- **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती.....**

दिनांक 07-08-2026 को वादिया द्वारा थाना दक्षिण पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 06.08.2026 को शाम करीब 6.30 बजे पडोसी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद मध्य रात्रि में लगभग 01 बजे बरामदे में सोते समय अभियुक्त ने वादिया की माँ के मुँह व छाती पर सिलवट्टा से जानलेवा हमला कर दिया, तथा पाजेब छीन ली। उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में थाना दक्षिण पर मु0अ0सं0 841/2026 धारा 309(6), 317(2) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा महोदय व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा महोदय के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में लूट की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना दक्षिण पर 02 टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों द्वारा थाना दक्षिण पर पंजीकृत मु0अ0सं0 841/2026 के सफल अनावरण एवं घटना में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य साक्ष्यों का गहनता से परीक्षण किया जा रहा था। इसी क्रम में आज दिनांक 08-08-2026 को थाना दक्षिण पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 841/26 में वांछित अभियुक्त रामजीत पुत्र घनश्याम टी एल तिराहा बाउड्री प्लॉट के पास किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उक्त सूचना पर थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गयी। पुलिस टीम को देखकर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त की

पहचान थाना दक्षिण पर पंजीकृत मु0अ0सं0 841/26 धारा 309(6), 317(2) बीएनएस0 में वांछित 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त रामजीत पुत्र घनश्याम निवासी बिजलीघर झील की पुलिया गली नं0 2 न्यू रामगढ़ थाना उत्तर के रुप में हुई है। घायल अभियुक्त के कब्जे से लूटी गयी 01 जोडी पाजेब, 01 अवैध तमंचा, 01 जिंदा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-**

1. रामजीत पुत्र घनश्याम निवासी बिजलीघर झील की पुलिया गली नं0 2 न्यू रामगढ़ थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01 जोडी पाजेब।
2. 01 अवैध तंमचा 315 बोर।
3. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
4. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त रामजीत -**

1.मु0अ0स0-02/2023 धारा 356/411 आईपीसी थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद।
2.मु0अ0स0-776/2023 धारा 380/411/457 आईपीसी थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद।
3.मु0अ0स0-911/2025 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।
4.मु0अ0स0-912/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।
5.मु0अ0स0-302/2026 धारा 296 बीएनएस थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।
6.मु0अ0स0-260/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
7.मु0अ0स0-846/2026 धारा 309(6)/317(2) बीएनएस थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।
8.मु0अ0स0-848/2026 धारा 109(1)/352/351(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 योगेन्द्र पाल सिंह थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 सिंह राज सिंह चौकी प्रभारी महाबीर नगर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 सोनू भाटी थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 रजत तोमर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
5. कां0 504 गजेन्द्र कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
6. कां0 अनुज कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
7. का0 ओमकार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।